# आवारा मवेशियों की समस्या पर तल्ख हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष

## चुरहट विधायक ने बजट सत्र में आवारा मवेशियों की समस्या पर लगाये थे ध्यानाकर्षण, विधानसभा में पशुपालन मंत्री ने सुधार का दिया था आश्वासन




**सीधी 11 अगस्त। आवारा मवेशियों की समस्या पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष तल्ख हो चुके हैं। चुरहट विधायक ने बजट सत्र में आवारा मवेशियों की समस्या पर ध्यानाकर्षण लगाये थे, विधानसभा में पशुपालन मंत्री ने सुधार का आश्वासन दिया था।**


पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने प्रदेश में आवारा पशुओं की समस्या को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में उनके ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सदन में आवारा पशुओं की गंभीर समस्या पर विस्तृत चर्चा हुई थी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सहित सत्तापक्ष और विपक्ष के तमाम माननीय सदस्यों ने इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया था। तब सदन में तत्कालीन पशुपालन मंत्री लखन पटेल और सरकार के अन्य मंत्रियों ने पूरी गंभीरता के साथ आश्वस्त किया था कि किसानों और आमजन को इस त्रासदी से राहत दिलाने के लिए शीघ्रातिशीघ्र ठोस कार्यवाही की जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि इस बात को लंबा समय बीत जाने के बाद भी धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। सरकार ने सदन में दिए गए अपने आश्वासनों पर आज तक कोई अमल नहीं किया है।



उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश का किसान बेबस और लाचार है। किसान अपनी खून-पसीने से सींची फसलों को बचाने के लिए रात-दिन खेतों में पहरा देने को मजबूर हैं। इसके बावजूद आवारा पशुओं के झुंड खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद कर रहे हैं। इससे अन्नदाता लगातार कर्ज के दलदल में डूबता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह समस्या सिर्फखेतों तक सीमित नहीं है बल्कि प्रदेश के नेशनल हाईवे और मुख्य सड़कें आवारा पशुओं के जमावड़ों से दुर्घटना का कारण बन चुकी हैं। यहां आए दिन होने वाली भीषण सड़क दुर्घटनाओं में बेगुनाह नागरिक अपनी जान गंवा रहे हैं। अजय सिंह ने कहा कि सरकार ने बड़ी गोशालाएं बनाने और पशु मालिकों पर जुर्माना लगाने के जो दावे किए थे वे पूरी तरह कागजी और खोखले साबित हुए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार कुंभकर्णी नींद से जागे और सदन में दिए गए आश्वासनों को पूरा करे। सरकार तत्काल ब्लॉक व जिला स्तर पर ठोस कार्ययोजना लागू कर किसानों को इस भयानक समस्या से मुक्ति दिलाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी किसानों के हक के लिए सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

### जब की तस है आवारा पशुओं की समस्या : अजय



पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल का कहना है कि समूचे प्रदेश में आवारा पशुओं की समस्या जस की तस बनी हुई है। पशु पालन मंत्री द्वारा आवारा पशुओं की समस्या के समाधान का आश्वासन विधानसभा के बजट सत्र में उनके ध्यानाकर्षण के जवाब में दिया गया था। महीनों गुजरने के बाद भी इस दिशा में धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। लिहाजा आज भी आवारा पशुओं की समस्या गंभीर रूप से बनी हुई है। उसके निराकरण के लिये प्रदेश स्तर से कोई आदेश जिलों तक न पहुंचने के कारण आवारा पशुओं की समस्या लगातार गंभीर रूप धारण कर रही है।

# भ्रष्टाचारी सचिव को सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड की मिली सजा

## विशेष न्यायाधीश सीधी ने सुनाई सजा

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अगस्त। शिकायतकर्ता इंदल बसोर की माता स्व.श्रीमती सोनिया बसोर के नाम से इंदिरा आवास योजना में मकान निर्माण के लिए 2014 में 70 हजार स्वीकृत हुआ था जो कि दो किस्तों में मिलना था।**

प्रथम किश्त 35 हजार रूपये सन 2014 में शिकायतकर्ता की मां को मिल गयी थी जिसके एक माह बाद उसकी मां का देहांत हो गया था। निर्माणाधीन मकान की दूसरी किश्त् 35 हजार रूपये के लिए शिकायतकर्ता सचिव ग्राम पंचायत नौगवां कन्हैयालाल उर्फ कन्हई साकेत तनय स्व.छोटेलाल साकेत उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी थाना सेमरिया तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी से मिला तो सचिव ने दूसरी किश्त निकलवाने के एवज में 5000 रू रिश्वत की मांग किया। जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा उक्त रूपयों को देने में असमर्थता व्यक्त की गई तो आरोपी 4000 रूपये में ही सहमत हो गया, जिसमें से शिकायतकर्ता द्वारा आरोपी को मजबूरन 2000 रूपये पहले ही देना पड़ा एवं शेष 2000 रूपये आरोपी सचिव को नही देना चाहता था बल्कि रिश्वत लेते हुए पकड़वाना चाहता था इसलिए दिनांक 15.12.2017 को शिकायतकर्ता इंदल बसोर ने लोकायुक्त कार्यालय रीवा में अभियुक्त कन्हैयालाल उर्फ कन्हई साकेत के विरूद्ध लिखित में शिकायत प्रस्तुत किया। शिकायतकर्ता इंदल बसोर के शिकायत पत्र के सत्यापन कार्यवाही के उपरांत निरीक्षक हितेन्द्रनाथ शर्मा के द्वारा ट्रेप दल का गठन करते हुए आरोपी सचिव को 19.12.2017 को सेमरिया बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास 2000 रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया एवं आरोपी सचिव के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7, 13(1)(डी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर संपूर्ण विवेचना कार्यवाही पश्चाात् अभियोग पत्र विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम जिला सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण में प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी सतीश गुप्ता के मार्गदर्शन में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक श्रीमती अंजू पाण्डेय के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तर्कों से सहमत होते हुए विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम जिला सीधी के द्वारा आरोपी कन्हैयालाल उर्फ कन्हई साकेत तनय स्व.छोटेलाल साकेत उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी थाना सेमरिया तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10000 रूपये अर्थदण्ड एवं अर्थदण्ड के व्यवतिक्रम में एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास एवं धारा 13(1)(डी) सहपठित धारा 13(2) पीसी एक्ट के अंतर्गत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10000 रूपये अर्थदण्ड व अर्थदण्ड के व्यवतिक्रम में एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया।

# हर घर तिरंगा अभियान-202 के तहत रामपुर नैकिन में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अगस्त। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत नगर परिषद रामपुर नैकिन में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।**

तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों ने राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा वार्ड क्र. 4 स्थित बस स्टैंड परिसर से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय, न्यू मार्केट होते हुए न्यू बस स्टैंड परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान नगर में देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्र की एकता व अखंडता तथा देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

# नशा मुक्ति एवं युवा विकसित भारत विषय पर टाटा कॉलेज का तृतीय स्थान

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अगस्त। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित नशा मुक्त-युवा विकसित भारत विषयक सांस्कृतिक प्रतियोगिता में टाटा कॉलेज सीधी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नुक्कड़ नाटक विधा में तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।**



प्रतियोगिता में टाटा कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, इसके कारण युवाओं एवं परिवारों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथा समाज में इसके कारण उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय, संवाद, गीत एवं संदेश के माध्यम से दर्शकों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति को दर्शकों एवं निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया तथा उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर टाटा कॉलेज को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर टाटा कॉलेज के डायरेक्टर इंजी.आर.बी. सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं में प्रतिभा और ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। यदि युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक दिशा में करें तो वे न केवल स्वयं का भविष्य बेहतर बना सकते हैं बल्कि देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। महाविद्यालय परिवार ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# कमिश्नर तक पहुंची अवैध मुरूम खनन की शिकायत

नवभारत न्यूज

**चुरहट 11 अगस्त। चुरहट तहसील के हल्का नकबेल में अवैध मुरूम खनन और परिवहन का मामला अब रीवा संभाग आयुक्त के दरबार तक पहुंच गया है।**

शिकायतकर्ता संजय पाण्डेय ने संभाग आयुक्त को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि क्षेत्र में लाखों घन मीटर मुरूम का अवैध खनन एवं परिवहन किया गयाए लेकिन खनिज विभाग ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। शिकायत में कहा गया है कि कुछ पट्टाधारकों को केवल औपचारिक नोटिस जारी किए गए जबकि कई अन्य के खिलाफ कोई कार्रवाई तक नहीं हुई। इससे खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की



निष्पक्ष जांच के लिए टीम गठित कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार संभाग आयुक्त ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सीधी को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले में जिला प्रशासन की जांच और उसके निष्कर्षों पर सभी की नजर रहेगी। शिकायतकर्ता का दावा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो सकता है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर जांच शुरू होने के बाद अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# ईडब्ल्यूएस आरक्षण : सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना कर रही प्रदेश सरकार : अभिषेक

नवभारत न्यूज



**सीधी 11 अगस्त। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा में अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में 103वें संविधान संशोधन के माध्यम से 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण का प्रावधान किया गया था।**

चिकित्सा शिक्षा में इस आरक्षण को लागू करते समय यह व्यवस्था की गई थी कि ईडब्ल्यूएस के लिए अतिरिक्त सीटों की व्यवस्था की जाए ताकि पहले से उपलब्ध सामान्य एवं अन्य वर्गों की सीटों की संख्या प्रभावित न हो। अभिषेक मिश्रा ने मध्यप्रदेश में नीट मेडिकल काउंसलिंग के दौरान ईडब्ल्यूएस आरक्षण के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि ईडब्ल्यूएस के लिए सीटों में आवश्यक अतिरिक्त वृद्धि किए बिना मौजूदा सीटों में से ही 10 प्रतिशत सीटें निर्धारित की जाती हैं तो इसका सीधा प्रभाव अनारक्षित वर्ग के उपलब्ध अवसरों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019 में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करते समय म.प्र. सहित विभिन्न राज्यों के मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त एमबीबीएस सीटों की व्यवस्था की थी सरकारी आंकड़ों के अनुसार उस वर्ष म.प्र. के लिए ईडब्ल्यूएस के तहत 270 अतिरिक्त एमबीबीएस सीटें बढ़ाई गई थीं।

# हर घर तिरंगा : कन्या महाविद्यालय में निकली तिरंगा रैली

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अगस्त। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' अंतर्गत जिले में 9 से 17 अगस्त तक विभिन्न राष्ट्रभक्ति एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।**

इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से जुड़े नारों के साथ रैली निकाली और आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देश की एकता-




अखंडता तथा राष्ट्रभक्ति की भावना के प्रति जागरूक किया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांधी स्कूल एवं कलेक्ट्रेट होते हुए पुन: महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह और देशभक्ति का भाव देखने को मिला। रैली में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश नामदेव, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश नामदेव ने कहा कि तिरंगा राष्ट्रीय गौरव, एकता और अखंडता का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान केवल तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है।

# पड़ैनिया से बढ़ौरा शिव मंदिर तक आज निकलेगी भव्य धार्मिक पदयात्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अगस्त। भगवान भोलेनाथ की भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता के संदेश के साथ 12 अगस्त बुधवार को पड़ैनिया से बढ़ौरा नाथ शिव मंदिर तक विशाल धार्मिक पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पदयात्रा दोपहर 1 बजे पड़ैनिया स्थित इन्द्राज पैलेस के बगल में शिव मंदिर से प्रारंभ होगी और लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय कर बढ़ौरा शिव मंदिर पहुंचेगी।**



आयोजकों के अनुसार पदयात्रा में क्षेत्र के शिवभक्तों, ग्रामवासियों, माताओं-बहनों एवं युवा साथियों के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारों के साथ आगे बढ़ेंगे तथा बढ़ौरा पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजन.अर्चन करेंगे। पदयात्रा पड़ैनिया से प्रारंभ होकर सम्राट चौक, कलेक्टरेट चौक, नवीन बस स्टैण्ड, जमोड़ी तिराहा, जमोड़ी एवं बढ़ौरा मार्ग होते हुए बढ़ौरा नाथ शिव मंदिर पहुंचेगी। कार्यक्रम के तहत दोपहर 3 बजे पूजन, शाम 4:30 बजे रैली, शाम 5 बजे भजन संध्या तथा शाम 6 बजे शिवमय प्रस्तुति का आयोजन भी प्रस्तावित है। पदयात्रा एवं जलाभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं सभी शिवभक्तों से पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# छात्रवृत्ति न मिलने व जबरन शुल्क वसूलने पर विधि छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अगस्त। छात्रवृत्ति फॉर्म नही भरने एवं जबरन छात्रों को दबाव बनाकर शुल्क वसूलने के विरोध मे मंगलवार को शिक्षा महाविद्यालय सीधी में अध्ययनरत विधि छात्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।**

ज्ञापन पत्र में उल्लेख है कि शिक्षा महाविद्यालय में 2024-25 सत्र में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग



के सभी विधि छात्र-छात्राओं का छात्रवृति फॉर्म महाविद्यालय में जमा हुआ था लेकिन कालेज प्रबंधन द्वारा 2024-25 का छात्रवृत्ति फार्म नही भरा गया है जिससे कि अब छात्रों को शिक्षण शुल्क जमा करने परेशानी हो रही है और कालेज प्रशासन द्वारा छात्रों से दबाव बनाकर शिक्षण शुल्क जमा करवाया जा रहा है। छात्रों ने ज्ञापन पत्र के माध्यम से कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए छात्रवृति दिलाये जाने कि मांग किये हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान सोनू वर्मा, कनक सिंह, लवकेश साहू, अभिषेक साहू, अवनीश पटेल, रोशन कुमार जायसवाल, अनुराग साहू, दिनेश कुमार पनिका, सत्यनारायण सिंह, पंकज मौर्या, रमेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# त्वरित, निष्पक्ष और संवेदनशील निराकरण ही प्राथमिकता : संतोष

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अगस्त। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी द्वारा आज 11 अगस्त को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों एवं फरियादियों की शिकायतों को गंभीरताए संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया।**



जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में भूमि एवं संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद, महिला संबंधी शिकायतें, साइबर अपराध, मारपीट, धोखाधड़ी, आपसी विवाद सहित अन्य जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को प्रकरणों की तथ्यपरक, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पारिवारिक एवं आपसी विवादों के मामलों में केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित न रहते हुए संवादए काउंसलिंग एवं मध्यस्थता के माध्यम से समाधान पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर श्री कोरी ने कहा कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं को सीधे सुनने एवं उनके प्रभावी समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, संवेदनशील एवं समयबद्ध निराकरण सीधी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, संबंधित थाना प्रभारी एवं पैरा लीगल वालेंटियर उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो, शिकायत कर्ताओं से नियमित संवाद बनाए रखा जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की न बरती जाए लापरवाही : विकास

## सिहावल में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, 200 से अधिक आवेदनों पर हुई सुनवाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अगस्त। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और प्रशासन को आमजन के और करीब लाने के उद्देश्य से सिहावल में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनपद पंचायत सभागार सिहावल में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर विकास मिश्रा ने स्वयं नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में 200 से अधिक आवेदनों पर सुनवाई की गई।**



कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन मामलों का निराकरण मौके पर संभव है उन्हें तत्काल निराकृत करें तथा जिन प्रकरणों में जांच अथवा अन्य विभागीय कार्रवाई आवश्यक है उनमें निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक आवेदन पर की गई कार्रवाई की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधे संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसका उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति की समस्या का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर उसका संतोषजनक एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें।

### जनसुनवाई में इनकी रही उपस्थिति

जनसुनवाई को प्रभावी बनाने के लिए उपखंड अधिकारी सिहावल राकेश शुक्ला, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा, सिहावल क्षेत्र के विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव भी उपस्थित रहे। इससे नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखने और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई कराने का अवसर मिला।